हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 सितंबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में कांग्रेस ने ...



07 विधायक शर्मा के नेतृत्व में हुआ गोसेवा से सेवा पखवाड़ा...




## खबर संक्षेप

### अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत हुए कार्यक्रम

**विदिशा।** मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत तत्वधान में अग्रसेन जयंती समिति द्वारा कई रंगारम कार्यक्रम आयोजित किए गए। फैंसी ड्रेस में प्रतियोगिता में प्रथम प्रज्ञान अग्रवाल, द्वितीय अयांश अग्रवाल एवं तृतीय आरुष गर्ग रहे। उसके बाद 3 से 8 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर अविका गोयल एवं भानवी अग्रवाल रहे। द्वितीय स्थान पर अबीर बंसल रहे और तृतीय स्थान पर नित्य गर्ग रही। नृत्य प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में 8 से 14 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। प्रथम पायदान पर गितांशी अग्रवाल, द्वितीय पायदान पर मनस्वी रोहिल्ला और आद्या अग्रवाल एवं तृतीय पायदान पर सारंग गर्ग और अनाया अग्रवाल रही।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई

**हैदरगढ़।** आगामी त्यौहार नवरात्रि एवं दशहरा के दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार को थाना परिसर हैदरगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह सेन व थाना प्रभारी केके पवार ने की। इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, व्यापारी, पत्रकार तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर जोर दिया गया। थाना प्रभारी पवार ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी, परंतु शांति बनाए रखना नागरिकों के सहयोग से ही संभव है।

### श्रम दिवस के रूप में मनाई विश्वकर्मा जयंती

**विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह गुर्जर ने कहा कि सृष्टि के निर्माता एवं भारतीय मजदूर संघ के आराध्य देव स्वर्ग लोक से लेकर द्वारिका तक के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी हैं। विशेष अतिथि विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने सभी को राष्ट्रीय श्रम दिवस एवं भगवान विश्वकर्मा जी की बधाई दी। विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष परशुराम दुबे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक कर्मचारी महासंघ मनमोहन शर्मा ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन लाखन सिंह जाट ने किया एवं संगठन का गीत संगीता कुशवाह ने लिया एवं अंत में आभार व्यक्त विपुल शर्मा ने किया।

### मार्केटिंग सोसाइटी की साधारण सभा बैठक हुई

**कुरवाई।** मार्केटिंग सोसायटी कुरवाई की वार्षिक साधारण सभा हरिसिंह चौहान पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वर्ष 2024-25 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। उक्त वर्ष में संस्था में 3795.14 लाख का व्यवसाय किया, उपरोक्त व्यवसाय पर रुपये 9.12 लाख का सकल लाभ अर्जित किया। कुल आय 66.30 लाख एवं कुल व्यय 56.35 लाख के हुए। जिसमें संस्था में 9.95 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। संस्था की आमसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक हरिसिंह सप्रे, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, विनोद जैन, गिरजेश साहू, राजेश लोधी, सुरेन्द्र दांगी, बलबीर दांगी, सरवर खां पटेल, उजवेन्द्र सिंह चौहान, यशवंत सिंह चौहान, अमर सिंह लोधी, वरूण चौबे सहित क्षेत्र की सहकारी समितियों के प्रतिनिधि एंव संस्था के सदस्य मौजूद रहे। बैठक का संचालन संस्था के प्रबंधक इन्द्राज सिंह दांगी ने किया।

### मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे अभियान के तहत सफाई कर्मचारी एवं नर्सिंग स्टाफ को बायोमेडिकल कचरा प्रथक करने के तरीके एवं हाथ धोने की विधि बताई गई। अधीक्षक डॉ अविनाश लाघवे एवं डॉ. आरती जैन द्वारा बताया गया। कार्यक्रम में डीन डॉ मनीष निगम भी उपस्थित रहे।

## बारिश का आंकड़ा पूरा जो चुका अब हो रही अतिरिक्त वर्षा

# 24 घंटे में 1.6 इंच बारिश से खिले किसानों के चेहरे, धान की बंपर पैदावार की उम्मीद
## हलाली बांध का 1 गेट खोलना पड़ा, प्रशासन ने नदियों से दूर रहने अलर्ट जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बुधवार को हुई जोरदार बारिश ने किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी है। बुधवार को करीब चार घंटे तक हुई झमाझम बारिश से धान की फसल को काफी फायदा हुआ है विदिशा को छोड़कर जिले में गुरुवार को भी अच्छी बारिश की होने के समाचार प्राप्त हुए हैं।

24 घंटे में 1.6 इंच बारिश होने से जिलेभर के बांध भर गए हैं। गुरुवार को हलाली बांध का एक गेट खोलना पड़ा। नदी किनारे के क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है। बांध का एक गेट आधा मीटर खोलकर लगभग 46.45 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे बेतवा और बेस नदी का जल स्तर बढ़ जाएगा।

किसानों का कहना है कि इस समय पर हुई बारिश से धान और सोयाबीन की फसल को सीधा फायदा मिलेगा। इससे पौधों की बढ़त अच्छी होगी और दानों की गुणवत्ता बेहतर होगी। इससे खरीफ सीजन की पैदावार बढ़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अभी बारिश की संभावना जताई है।


विदिशा। बुधवार को हुई जोरदार बारिश के बाद कुछ ऐसी बनी शहर में स्थिति।

### इस साल औसत से ज्यादा हुई बारिश

विदिशा जिले में औसतन हर साल करीब 42.3 इंच (1075 मिमी) बारिश होती है, जबकि अब तक लगभग 43.5 इंच (1104 मिमी) बारिश दर्ज की जा चुकी है। पिछले 24 घंटों में जिले की सात तहसीलों में कुल 3.7 इंच (94 मिमी) बारिश हुई है। अकेले विदिशा में ही करीब 1.6 इंच (40 मिमी) पानी बरसा।

### बांध का एक गेट आधा मीटर खोला गया लगभग 46.45 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

लगातार बारिश के कारण सम्राट अशोक सागर बांध में पानी की आवक बढ़ गई है। जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए गुरुवार सुबह 6:30 बजे बांध का एक गेट आधा मीटर खोला गया, जिससे लगभग 46.45 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे हलाली, बेस और बेतवा नदियों के किनारे न जाएं। पानी छोड़े जाने के कारण इन नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, जिससे खतरा हो सकता है। सुरक्षा के लिए नदी किनारे चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। इधर मौसम विभाग के मुताबिक अभी जिले में कहीं कहीं बारिश होने की संभावना है। मूसलाधार बारिश भी हो सकती है।

## अविश्वास प्रस्ताव: भाजपा सहित कांग्रेसी और निर्दलीय पार्षद पहुंचे कलेक्टर के पास

# 38 पार्षदों ने एकजुट होकर नपाध्यक्ष के खिलाफ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नगरपालिका के सभी 38 पार्षद संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे। जहां उन्होने अलग-अलग आरोप लगाते हुए अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग रखी। कलेक्टर ने पार्षदों से आवेदन लिया और नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही।


विदिशा। कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव सौंपती हुईं पार्षद अरुणा मांझी सहित अन्य पार्षदगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को एक बार फिर नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग को लेकर पार्षद एकजुट हुए। इस बार नगरपालिका के 39 वार्डों में से 38 पार्षद एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर अंशुल गुप्ता को आवेदन सौंपा। पार्षदों ने पहले एक होटल में बैठक कर अध्यक्ष को हटाने पर सहमति बनाई। इसके बाद कलेक्टर के पास पहुंचे। पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष प्रीति शर्मा के कार्यकाल में विकास पूरी तरह ठप हो गया है। अध्यक्ष पति राकेश शर्मा के हस्तक्षेप का आरोप लगाया।

**आगे क्या....** अविश्वास प्रस्ताव का कलेक्टर परीक्षण करेंगे और आरोप सही पाए गए तो प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शासन प्रस्ताव स्वीकार करता है तो राइट टू रिकॉल होगा। खाली कुर्शी-भरी कुर्शी पर मतदान होगा। खाली कुर्शी जीतने पर अब अध्यक्ष का चुनाव जनता से सीधे होगा।

### हम शिवराजजी को बताएंगे पूरा घटनाक्रम

इधर नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का कहना है कि हमारे सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने का समय मांगा है। उनसे मिलकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराएंगे। उन्होंने पूरे देश में लाड़ली बहना एवं नारी सशक्तिकरण के लिए अभियान चलाया है। हमे पूरी उम्मीद है वह हमारे साथ अन्याय नहीं होंगे देंगे। इधर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी का कहना है कि संगठन की जानकारी के बिना कांग्रेस पार्टी के पार्षदों ने भाजपा पार्षदों के साथ जाकर संगठन भावना का उल्लंघन किया है। हमने सभी कांग्रेसी पार्षदों को नोटिस देकर तीन दिन में जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने कार्रवाई की जाएगी।



# नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए ड्रग इंस्पेक्टर को कार्रवाई के निर्देश
## जानकारी स्थानीय थाना व तहसीलदार को दी जाए



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए गठित समिति की बैठक ली।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में नशीली पदार्थो का विक्रय न हो। स्कूलों के 100 मीटर दायरे में बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू का विक्रय न हो। ऐसे स्कूल जहां छात्रों की संख्या अधिक हैं। उन स्कूलों में नशामुक्ति अभियान व्याख्यान कार्यक्रम कराए जाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि पुलिस द्वारा नशा करने वालों की धरपकड़ की जाती है उनका डाटा तैयार किया जाए और आवश्यकता के अनुसार उन्हें नशामुक्ति केन्द्रों में रखने की व्यवस्था की जाए। मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित दवाएं और सीरप बिना डाक्टर के प्रिस्कप्शन के न दी जाएं।

### ड्रग इंस्पेक्टर को यह दिए हैं निर्देश

कलेक्टर ने ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए है कि जिन भी मेडिकल स्टोर की जांच की जाती है और अनियमित्ताएं मिलती हैं तो खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई सूची संबंधित पुलिस थाना व क्षेत्र के तहसीलदार को दी जाए। ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कूजूर ने बताया कि अभी तक 7 मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की जा चुकी है। इन मेडिकल स्टोर को सात दिन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में नीद एवं ट्रंक्वेलाईजर श्रेणी की दवाओं के विक्रय के संबंध में, जिले में पदस्थ मनोचिकित्सकों की जानकारी, संचालित नशामुक्ति केन्द्र एवं उपचाररत व्यक्ति, नशामुक्ति केन्द्र में उपचार संबंधी व्यवस्था, मादक पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए चर्चा कर निर्णय लिए गए हैं।

### पुनीत दुर्गाउत्सव चल समारोह संयोजक बने

**विदिशा।** दुर्गा उत्सव को लेकर गुरुवार को सनातन हिंदू उत्सव समिति की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा ने की। दस दिवसीय दुर्गा महोत्सव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी की अनुशंसा पर वरिष्ठ पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से पुनीत महेश्वरी को दुर्गा उत्सव चल समारोह का संयोजक नियुक्त किया गया। समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि दुर्गा उत्सव 22 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को दशहरा के दिन दुर्गा विसर्जन के साथ सम्पन्न होगा।

# आशुतोष राणा आज काव्यानंद साहित्य सम्मान में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रख्यात फ़िल्मि अभिनेता और साहित्यकार आशुतोष राणा आज विदिशा आ रहे हैं। वे यहां काव्यानंद साहित्य सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे।



नगर की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन भी होगा। विदिशा में काव्यानंद स्व. आनंद श्रीवास्तव पुण्य स्मरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आज शुक्रवार को 11 बजे स्थान रविन्द्र भवन सिविल लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रख्यात गीतकार स्व. आनंद श्रीवास्तव के ग़ज़ल संग्रह सहर एवं जाने माने शायर निसार मालवी के ग़ज़ल संग्रह आमद का विमोचन किया जाएगा। साथ ही नगर के वरिष्ठ रचनाकार शिक्षाविद कवि डॉ जगमोहन शर्मा का सम्मान भी किया जावेगा।

इसी अवसर पर स्व आनंद श्रीवास्तव साहित्य अवार्ड ख़ालिदा सिद्दीकी को दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश का जाने माने फिल्म अभिनेता व हिंदी और बुंदेली के प्रख्यात साहित्यकार, चिंतक और विचारक आशुतोष राणा विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप देश के जाने माने ग़ज़लकार कवि गीतकार आलोक श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर ने उद्योगों का निरीक्षण किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को विदिशा तहसील में संचालित औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा मेसर्स पारस एग्रो फूड्स, गौरियाखेड़ी, मेसर्स आयुष इंडस्ट्रीज मिर्जापुर, विदिशा एवं मेसर्स ऊषा एग्रो इण्डस्ट्रीज का निरीक्षण किया गया है। कलेक्टर ने उद्योगपतियों से उनके उत्पाद की निर्माण प्रक्रिया, कच्चा माल, मार्केटिंग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा बैंक से वित्तीय सहायता के संबंध में जानकारी ली। औद्योगिक इकाईयों में सोलर ऊर्जा पॉवर संयंत्र लगाने के सुझाव दिए गए। निरीक्षण के दौरान नेशनल हाईवे एवं बिजली कंपनी से उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी दिए हैं।

## नवरात्रि, दशहरा, दीपावली व अन्य त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

# झांकियों के आसपास विशेष गश्त करेगी पुलिस विसर्जन पर सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आगामी नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, गुरु नानक जयंती सहित अन्य प्रमुख त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जाएं। इसके लिए गुरुवार को कलेक्टर और एसपी ने शांति समिति की बैठक ली।

बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए की त्योहारों के दौरान पुलिस बल की विशेष तैनाती, चल समारोहों में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की जाए। झांकियों, जवारे व मूर्ति विसर्जन के समय भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष गश्त व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाए।




चाकूबाजी जैसी घटनाओं व उपद्रव की रोकथाम के लिए समितियों द्वारा स्वयं की चेकिंग और पुलिस स्तर पर भी जांच की जाए।

चल समारोह में किसी भी प्रकार के हथियार साथ न लाएं, इसकी चेकिंग आयोजक समितियों के साथ साथ पुलिस द्वारा भी की जाएगी। झांकियां इस प्रकार लगाई जाएं कि आपात स्थिति में एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड को रास्ता मिल सके। झांकियों पर वायरिंग का स्तर सुरक्षित व उच्च गुणवत्ता का हो ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो।

## शिक्षा, कला और खेल जगत की उभरती प्रतिभाओं को मिल रही पहचान

# घुमंतु समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को ऑडिटोरियम में विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु समाज के सैकड़ों प्रतिभावान विद्यार्थी और युवा मंच पर सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त घुमंतु-अर्धघुमंतु कल्याण विभाग की मंत्री कृष्णा गौरने कहा कि इन समाजों की प्रतिभा किसी से कम नहीं है। सरकार हर स्तर पर इनके विकास और शिक्षा में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज का यह सम्मान समारोह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। कार्यक्रम में


विदिशा। मंत्री कृष्णा गौर ने ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मंत्री द्वारा 3 प्रमुख घोषणाएं की गईं इनमें पहली, विदिशा और गंजबासौदा में 2 सामुदायिक भवन का निर्माण घुमंतू समाज के उपयोग के लिए किया जाएगा। दूसरी कक्षा 10वीं 12वीं में 60% से अधिक अंक लाने वाले घुमंतू समाज के बालक, बालिकाओं को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। तीसरी जिले में अलग से घुमंतू अर्ध घुमंतू समाज के लोगों की समस्या निवारण के लिए शिविर लगाकर दस्तावेज बनवाया जाएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबूलाल बंजारा, गोरेलाल बार्चे विजय दीक्षित आदि मौजूद रहे।


विदिशा। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोग।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम के तहत चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान

**15 अक्टूबर तक सभी ब्लॉक से लेकर ग्राम पंचायत व पोलिंग बूथ तक चलाया जाएगा अभियान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर गुरुवार को सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं मोर्चा संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने की।

इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' कार्यक्रम के तहत जिलेभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विदिशा जिले से लगभग 1 लाख 50 हजार लोगों के हस्ताक्षर करवा कर इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। यह पहल मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार की जा रही है। यह हस्ताक्षर अभियान 15 अक्टूबर तक जिले के सभी ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम पंचायत और पोलिंग बूथ तक चलाया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर इस अभियान को पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी का मामला राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है और हम सब कार्यकर्ता उनके इस अभियान को जनता तक पहुंचाकर पूरी मजबूती देंगे। इसलिए कांग्रेस पार्टी द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3201
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2777
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2460
उच्चतम भाव- 2531
चना
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5643
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7980
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3061
उच्चतम भाव- 3235
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4506
सरसों
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7720
मूंग
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव- 7290
धान
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-2816
धनिया
न्यूनतम भाव-6350
उच्चतम भाव- 6500
बटरी
न्यूनतम भाव-3450
उच्चतम भाव- 3478

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7541 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# मंडी में धर्मकांटे से उपज तौल में फिर आया अंतर



**गंजबासौदा।** नवीन कृषि उपज मंडी में धर्मकांटो से तौल में अंतर आने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। कहीं व्यापारियों के माल की तौल में अंतर आ रहा है तो कहीं किसानी उपज की तौल में अंतर आ रहा है। गुरूवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया। जिसमें किसान का आरोप था कि उसकी उपज की तौल में 50 किलो का अंतर आ रहा है और मंडी प्रशासन द्वारा उपज की तौल सामान्य कांटे से कराने पर करीब 25 किलो का अंतर पाया गया। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा धर्मकांटा प्रबंधन पर कार्रवाई के साथ शुक्रवार को धर्मकांटे की जांच की बात कही गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम त्योंदा निवासी अभिषेक जैन उर्फ गोलू अपनी ट्रॉली में 1544 गेहूं भरकर नीलामी के लिए लाए थे। त्योंदा में उन्होंने अपनी ट्रॉली का धर्मकांटे पर वजन कराया तो वहां गेहूं सहित ट्रॉली का वजन 89 क्विंटल 50 किलो था। मंडी आने पर उन्होंने मंडी के बाहर पारस धर्मकांटा और शिवशंकर धर्मकांटा पर वजन कराया तब भी वजन बराबर ही निकला। बाद में जब मंडी नीलामी के बाद उन्होंने अपनी भरी ट्रॉली का मंडी के धर्मकांटे पर वजन कराया तो वहां वजन 89 क्विंटल ही पाया गया। जिस पर उन्हें धर्मकांटे में गडबडी की शंका हुई और उन्होंने इसकी शिकायत मंडी प्रशासन को की। जिसके बाद मंडी प्रशासन के अधिकारी शंभूसिंह रघुवंशी, रूपसिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और किसान की उपज का फर्म पर हम्मालों की मदद से बोरों में भरकर सामान्य कांटे पर वजन कराया, जिसमें किसान की उपज का वजन 25 किलो ज्यादा ही निकला। जिससे धर्मकांटे की तौल में अंतर स्पष्ट हो गया। जिसके बाद मंडी प्रशासन ने धर्मकांटे की तौल में आए अंतर पर कार्रवाई करने की बात कहते हुए शुक्रवार को धर्मकांटों की विधिवत जांच कराने की बात कही। मंडी अधिकारी शंभूसिंह रघुवंशी का कहना था कि धर्मकांटों की जांच व्यापारियों, किसानों और नागरिकों के समक्ष की जाएगी। ताकि धर्मकांटों की तौल और मंडी प्रशासन की कार्रवाई को लेकर संशय की स्थिति न बने।

# स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को दोपहर के समय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नगर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर पर इकट्ठा होकर रैली निकाली, जो स्टेशन मार्ग से होते हुए जय स्तंभ चौराहे पहुंची। कार्यकर्ता विद्युत कंपनी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे, लेकिन विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने पर कर्मचारियों ने मुख्य द्वार पर ताला लगाकर गेट बंद कर दिया था। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कार्यालय के बाहर जमा हो गए और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल कई गुना बढ़ गए हैं, जबकि विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया। लगभग आधे घंटे तक विद्युत कंपनी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने के बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील पहुंचे जहां उन्होंने तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपकर नगर में स्मार्ट मीटर न लगाए जाने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में लोग पहले से ही महंगाई से परेशान हैं। अब स्मार्ट मीटर लगाए जाने से जिन घरों में 200 से 300 रुपए का बिल आता था, वह अब 1500 से 2000 रुपए के बीच आ रहा है। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का कार्य तुरंत बंद किया जाए, क्योंकि महंगाई की मार से हर व्यक्ति परेशान है। इस अवसर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कृषि मंडी की फर्म के मुनीम के साथ लूट के प्रयास के तीन आरोपी पकडाए

# व्यापारिक फर्म का कर्मचारी ही निकला वारदात का मास्टर माइंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





थाना बासौदा शहर पुलिस ने मंडी व्यापारी के कर्मचारी से लूट का प्रयास करने के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया था। इस सनसनीखेज वारदात के खुलासे में सामने आया कि कृषि मंडी की फर्म का ही एक कर्मचारी इस पूरी वारदात का मास्टर माइंड था और उसी की जानकारी के बाद आरोपियों ने राशि लेकर आ रहे मुनीम पर हमला कर राशि लूटने की कोशिश की थी।

यहां उल्लेखनीय है कि गत 9 सितंबर को मंडी की फर्म यश ट्रेडिंग कंपनी का कर्मचारी अमित रघुवंशी दोपहर में बैंक से 15 लाख रूपए लेकर मंडी की ओर जा रहा था, तभी ओसवाल गार्डन के पास अज्ञात बदमाशों ने उसके साथ रॉड से हमला कर रूपए लूटने की कोशिश की थी, लेकिन अन्य वाहन चालकों के आने के कारण बदमाश अमित रघुवंशी को घायल कर भाग निकले थे। जिसके बाद पुलिस ने धारा- 309(6) BNS में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ करते हुए आरोपियों की पतारसी शुरू कर दी थी। इस बीच घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी पर 10,000 का इनाम घोषित किया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी तथा एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बासौदा शहर निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। विशेष टीम ने घटना स्थल के आसपास के 150 से अधिक CCTV फुटेज एकत्र किए और 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर संदिग्धों के पम्पलेट सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए। तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों तथा मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने बलराम कुशवाह 28 वर्ष, निवासी ग्राम पचमा, रिक्की सिंह रघुवंशी 19 वर्ष, निवासी पचमा बायपास बालाजी धाम कालोनी, गंजबासौदा, केशव कुशवाह 21 वर्ष, निवासी वनवा जागीर, नवनीत गार्डन वाली गली, गंजबासौदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तीनों ने वारदात करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड और मोटरसाइकिल जब्त की गई। मुख्य आरोपी बलराम कुशवाह यश ट्रेडिंग कंपनी में पल्लेदारी का कार्य करता था और प्रतिदिन मुनीम को बैंक से नकदी लाते देखता था। उसके साथी केशव कुशवाह व रिक्की रघुवंशी बेरोजगार और आवारा प्रवृत्ति के हैं। तीनों की पैसों की जरूरत ने उन्हें एकजुट किया और उन्होंने लूट की योजना बनाई। घटना दिनांक 9 सितंबर को बलराम ने बैंक से नकदी निकाले जाने की जानकारी अपने साथियों को दी और मौके पर हमला कर रुपये लूटने का प्रयास किया।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई संजय बेदिया, टीआई गुलाबगंज मोहर सिंह, टीआई देहात मनोज दुबे, थाना प्रभारी पठारी गौरव बाजपेयी, थाना प्रभारी मुरबास रघुराज सिंह, थाना प्रभारी पथरिया रितुराज सिंह, उनि प्रकाश भिलाला ग्यारसपुर, उनि गौरव रघुवंशी सायबर सेल विदिशा, राजेश कुमार मिश्रा, राधेश्याम यादव, सउनि दुर्गसिंह रघुवंशी, प्र.आर. सुरेश रघुवंशी, राकेश सेन, सतेन्द्र रावत, जितेन्द्र यादव पथरिया, भूपेन्द्र चौबे पुलिस लाईन, आर. राकेश रावत पुलिस लाईन, अरुण छारी, अभिषेक शुक्ला, अखिलेश कुशवाह, सुमित अवस्थी, शिवप्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ एवं शिल्पकार विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजन एवं भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

विश्वकर्मा जयंती पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि सृष्टि के निर्माता भगवान ब्रह्मा हैं तो वहीं सृष्टि के उप पिता भगवान विश्वकर्मा हैं। क्योंकि सजीव सृष्टी के आश्रय का कार्य भगवान विश्वकर्मा द्वारा किया गया। शास्त्रों में 14 भवन बताए गए हैं, वह सभी विश्वकर्मा जी द्वारा रचित एवं सृजित हैं। मृत्यु लोक में सप्तपूरियों का निर्माण भगवान विश्वकर्मा की देन है। आत्मरक्षा के हथियार हों या प्रतिकार की सामग्री सभी का निर्माण विश्वकर्मा द्वारा किया गया है। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त किये। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक नन्नू सिंह शिल्पकार एवं रमेश कुमार शिल्पकार द्वारा भी भगवान विश्वकर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार एवं देवताओं का वास्तुकार माना जाता है। भगवान विश्वकर्मा के पांच पुत्र जिनमें मनु मय, त्वष्टा, शिल्पी, शिल्पकार एवं दैवज्ञ जो अलग-अलग कार्यों में निपुण हैं।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक नन्नू सिंह शिल्पकार, रमेश कुमार शिल्पकार एवं पत्रकार योगेश शिल्पकार, भूपेंद्र शिल्पकार, नयनदीप शिल्पकार का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यकम के अंत में नरेंद्र जैन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा, राजेश शिल्पकार हतोशा, पर्वत सिंह शिल्पकार, चेतन विश्वकर्मा, मोहन सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को कराया चालू



**गंजबासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हैंडपंप के सामने विद्युत खंभे पर लगी स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद पड़ी हुई थी। जिसे नगरपालिका विद्युत ठेकेदार द्वारा चालू करा दिया गया है। जिससे वार्डवासियों को आवागमन के दौरान होने वाली परेशानियों से निजात मिल गई। यहां उल्लेखनीय है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात के समय अंधेरा पसरा रहता था। अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी गलियों के किनारे खड़े रहते थे और आने जाने लोगों के साथ अभद्रता करते थे। वहीं इस मार्ग से होकर जाने वाले पैदल राहगीरों, दो पहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

### भारतीय हिन्दू महासंघ ने सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया



**गंज बासौदा।** भारतीय हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास ठाकुर के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष एलएल सोनी एवं भारतीय हिन्दू महासंघ महिला प्रदेश अध्यक्ष मंजू सोनी ने वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार सोनी स्वर्णकार विवाह मंच के संस्थापक एवं संचालक को भारतीय हिन्दू महासंघ को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सोनी की नियुक्ति पर मित्र मंडल ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में हार्डवेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश तनवानी, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, कराओके म्यूजिकल के संस्थापक राजेश नेमा, लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा, राम सोनी, अमित सोनी, दीपक तिवारी, नारायण सोनी, अमित अग्रवाल, रवि शर्मा ,विनोद सोनी, हरेंद्र सेन, नीलेश सोनी, पीयूष सोनी, गजेन्द्र आदित्य, विनीत अरोरा, सुनील जैन, शिव कुमार सोनी, नीरज सोनी, शिवम सोनी, कमलेश नामदेव शामिल हैं।

### शासकीय एसजीएस पीजी महाविद्यालय में किया गया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम



**गंजबासौदा।** शासन के आदेशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस सेवा पखवाड़े में स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पौधरोपण, रक्तदान, जन जागरूकता, समाज सुधार, सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता, महामारियों के प्रति जागरूकता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक सुमनलता गुप्ता, डॉ. सरिता घेंघट ने हरि झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। गुरुवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम चौकसे एवं डॉ. सुनील पाटीदार, सुधा पाठक के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं, एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा गोदग्राम हथोड़ा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र, छात्राओं द्वारा गोदग्राम में जनता को पर्यावरण जागरूकता एवं स्वास्थ्य जागरूकता हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। डॉ. सुनील पाटीदार द्वारा प्राथमिक शाला में बच्चों को स्वास्थ्य जागरूकता हेतु व्याख्यान दिया गया। महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक शिवराज परिहार, अंजलि झा, सृष्टि तिवारी, सुरेंद्र कुशवाहा आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

## विधानसभा में चलेगा विशेष पुनरीक्षण कार्य

# मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष बिटोलिया की मौजूदगी में विधानसभा क्षेत्र 145-बासौदा, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 145 बासौदा की उपस्थिति में मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में तहसीलदार त्योंदा एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र 145-बासौदा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। साथ ही विधानसभा के समस्त मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) का एक दिवसीय प्रशिक्षण विधानसभा के मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से तहसील कार्यालय बासौदा के पटवारी सभाकक्ष आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित बीएलओ को पुनरीरण कार्य हेतु आवश्यक दिशा निर्देश, प्रशिक्षण एवं मतदाता सत्यापन की जानकारी प्राप्त करने हेतु आवश्यक अनुलग्नक 1, 2 व 3 प्रदान किये गये।

यहां उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश की समस्त विधानसभा स्तर पर मतदाता सूची का विशेष गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार किया जाना है। जिसके लिए रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और बीएलओ को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### शिवसेना ने आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** गुरुवार को शिवसेना ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और अव्यवस्थाओं पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। शिवसेना ने आबकारी ठेकों के नियमों का पालन न होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि ठेकों के सामने लोग खुलेआम शराब पीते हैं, जिससे आम जनता और राहगीरों को परेशानी होती है। विशेषकर हरदुखेड़ी स्थित ठेके पर शाम होते ही भीड़ लग जाती है, जिससे स्थानीय निवासी असुरक्षित महसूस करते हैं। संगठन ने शहर की नगरीय सीमा में सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की। जिससे शहर में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी और आपराधिक घटनाओं के बाद अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। शिवसेना ने शहर में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की तैनाती की मांग भी की। ज्ञापन में शहर की सभी बैंकों में पर्याप्त सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी कही गई। इसके अतिरिक्त, सभी स्कूलों में ऑटो चालकों और स्कूल वाहनों का सत्यापन करने तथा चालकों को स्कूल का पहचान पत्र जारी करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। संगठन ने बरेठ रोड स्थित एसजीएस कॉलेज, धर्म कांटा, काली पठार और लाल पठार जैसे स्थानों को नशेड़ियों का अड्डा बनने से रोकने की अपील की। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आगामी समय में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर शिवसेना के बृजेंद्र लोधी, जितू कुशवाहा, अनुज प्रताप, गोविंद विश्वकर्मा, राजा राजपूत सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्वदेशी अपनाने योग गुरु ने बच्चों को दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

महारानी अवंतीतीबाई लोधी योग मैदान में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी, समाजसेवी कुंती देवी, चतर सिंह लोधी के द्वारा किया गया। अभियान का उददेश्य जनभागीदरी, स्वच्छता, सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है। नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विकसित भारत थीम पर चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठियों का आयोजन करवाया जाएगा तथा साफ-सफाई करवाई जाएगी। इस अभियान अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम एवं एक बगिया मां के नाम अतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 17 बालक, 9 बालिकाओं ने 25 पौधे रोपे व ग्राम में 75 पौधों को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने देखभाल का संकल्प लिया । इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर नन्ही बालिका मानसी राजपूत केक बनाकर लाई। जिसको बाल कैबिनेट के द्वारा मोदीजी की तस्वीर के समक्ष काटकर उनका जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा जयंती, राष्ट्रीय श्रमिक, श्रम दिवस भी है। हम लोगों को अधिक से अधिक स्वदेशी कंपनियों का सामान खरीदना चाहिए और रोजमर्रा की जिंदगी मे इस्तेमाल बढ़ाना भी चाहिए। ताकि हमारी स्वदेशी कंपनी मजबूत हो और हमारे मजदूर, श्रमिक, कारीगर, हस्तशिल्प निर्माणकर्ता, मिस्त्री, मैकेनिकों को अधिक से अधिक रोजगार और उचित मजदूरी मिल सके। इस तरह हम सभी न केवल आत्मनिर्भर भारत बनाऐंगे बल्कि राष्ट्र से बेरोजगारी की समस्या भी मुक्त कर सकेगे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री का रिकॉर्डिंग संदेश उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों को सुनाया गया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने अड़ीबाजी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार




**सिरोंज।** पुलिस ने अडीबाजी धमकी व गाली-गलौच कर धन की मांग के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। 13 सितम्बर को फरियादी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि नयापुरा निवासी अमीर हमजा, नईम अन्ना एवं शाहरुख ने शराब पीने के लिए पैसे मांगकर गाली-गलौच व मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 533/25 धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों अमीर हमजा,नईम अन्ना एवं शाहरुख को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिरोंज पेश किया गया। इस मौके पर कार्यवाही में थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय के नेतृत्व में गठित टीम में उप निरीक्षक राकेश रघुवंशी, थाना प्रभारी पथरिया उप निरीक्षक रितुराज,उप निरीक्षक लक्ष्मण डाबर,प्रधान आरक्षक वीरेंद्र लोदी,प्रधान आरक्षक गोविंद यादव, आरक्षक शशांक पाठक,विष्णु तोमर,सचिन,विजय,धनसिंह,अज बसिंह,बाबूलाल,रवि दागी,अरुण विश्वकर्मा ने सराहनीय भूमिका निभाई। पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या धमकी की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## जेरा, बेबस जल परियोजनाओं और चौनपुरा जलाशय का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं

# नल-जल योजनाओं का घटिया कार्य करने वाली निर्माण एजेंसियों को पुनः कार्य न दें : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



अपर मुख्य सचिव एवं प्रभारी अधिकारी, सागर संभाग दीपाली रस्तोगी की अध्यक्षता में आज संभाग स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक टीकमगढ़ यज्ञवेन्द्र सिंह, विधायक हटा उमा खटीक, विधायक महाराजपुर कामाख्य प्रताप सिंह, कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, आईजी हिमानी खन्ना, डीआईजी सागर सचेन्द्र चौहान, डीआईजी छतरपुर विजय खत्री, सागर कलेक्टर संदीप जी. आर., पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, मुख्य वन संरक्षक छतरपुर सहित सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में सागर संभाग की प्रभारी अधिकारी सागर संभाग एवं अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी द्वारा विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान प्रदेश के खाद्य, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुझाव देते हुए कहा कि सागर संभाग की जेरा, बेबस, चौनपुरा सिंचाई परियोजनाओं का कार्य धीमी गति से चल रहा है। इन सभी सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। मंत्री राजपूत ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने में जो गतिरोध उत्पन्न हो रहे हैं, उन्हें दूर किया जाए और इन परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सिंचाई परियोजनाओं का लाभ क्षेत्र के किसानों को मिलना चाहिए। बैठक में मंत्री राजपूत ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरी नल-जल योजनाओं को पूरा करने के लिए शासन द्वारा अतिरिक्त राशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नल-जल योजनाओं को पूर्ण करने हेतु दी गई राशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सुझाव दिया कि नल-जल योजनाओं को पूर्ण करने का कार्य ब्लैक लिस्टेड या नल जल योजनाओं का कार्य अधूरा छोड़कर जाने वाली निर्माण एजेंसियों को किसी भी स्थिति में पुनः न दिया जाए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राहतगढ़ वॉटरफॉल के सौंदर्यीकरण हेतु जो राशि प्राप्त हुई है, उसका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

मंत्री राजपूत ने निर्देश दिए कि नल-जल योजनाओं को पूर्ण करने तथा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों को कार्य देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद सहजता से उपलब्ध हो और खाद वितरण केन्द्रों में अनावश्यक भीड़ एकत्रित न हो इसकी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में सितंबर, अक्टूबर और नवंबर माह में रबी फसलों की बुआई होती है। रबी सीजन की बुआई के लिए किसानों को बीज और उर्वरक की उपलब्धता सहज एवं सतत रूप से कराई जाए। मंत्री राजपूत ने कहा कि घुमक्कड़ एवं बंजारा समाज के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़कर उन्हें आवास प्रदान किए जाएं। उन्होंने कहा कि बेरखेड़ी सड़क, राहतगढ़ रोड पर अनेक बंजारा और घुमक्कड़ परिवार निवास करते हैं। अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी ने कहा कि नहरों को अतिक्रमण मुक्त कर उनकी मरम्मत कराएं।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर

# विधायक शर्मा के नेतृत्व में हुआ गोसेवा से सेवा पखवाड़ा शुभारंभ




**सिरोंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सिरोंज में ह्यसेवा पखवाड़ाह्न का शुभारंभ श्री कृष्ण गौशाला मे गौ सेवा से किया गया। यह शुभारंभ विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गौप्रेमियों ने मिलकर गौमाता का पूजन, वंदन और गोग्रास अर्पित किया। वही विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्वपटल पर एक नए गौरव के साथ स्थापित किया है। आज उनके जन्मदिवस पर हम सब उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करते हैं। पूजन-अर्चना के दौरान गौमाता को हरा चारा, रोटी, गुड़, मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से गौमाता की आराधना कर गौ सेवा और गौ संरक्षण का संकल्प लिया। साथ विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित गौ सेवकों का सम्मान भी किया गया। उन्हें शाल एवं उत्तरीय ओढ़ाकर, तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। जिसमे विधायक श्री शर्मा ने कहा कि गौमाता की सेवा और समाज सेवा का संगम ही सेवा पखवाड़े की सच्ची भावना है,इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गौप्रेमी उपस्थित रहे।

## गो-हत्या के मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** ग्राम रूसल्ली हाट के हिन्दू समाजजनो ने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी का एक ज्ञापन सौपते हुए कहा कि विगत दिनो पूर्व ग्राम रूसल्ली हाट थाना दीपनाखेड़ा में एक गाय की हत्या मुस्लिम समुदाय के इरफान शाह,साजिद खान,इकरार खान उर्फ पप्पू,समद खान,फेजान,राजा आदि लोगों के द्वारा की गई थी। जिसमें थाना दीपनाखेड़ा द्वारा दो लोगों इकबाल खान,मुजम्मिल खान को आरोपी बनाया गया। जबकि इसमें 5-6 आरोपी थे। जिनको पुलिस द्वारा आरोपी नहीं बनाया गया। जिससे समस्त हिन्दू समाज में आकोश व्याप्त है। वही उन्होने कहा कि आरोपी पहले से हिस्ट्रीशिटर एवं 302 के आरोपी है उनका सरकारी भूमि में मकान एवं सरकारी भूमि गौचर भूमि लगभग 30-40 बीघा में अतिकमण किया हुआ है। हिन्दू समाजजनो ने शासन से अनुरोध करते हुए कहा कि इरफान शाह,साजिद खान,इकरार खान,समद खान,फेजान,राजा शाह इन आरोपी घटना के समय घटना स्थल पर मौजूद थे। जिन्होने गौ माता की हत्या कर गाय के मॉस पका रहे थे। इन सभी आरोरियो पर रासूका की कार्यवाही की जाए। साथ ही चरनोई भूमिएवं सरकारी भूमि में अवैध मकानों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

# नपा की आमजन से अपील : अपने घर मोहल्ले, कार्यस्थल को साफ सुथरा रखें

### स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान 2025 एवं सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ




**सिरोंज।** स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान 2025 एवं सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितंबर को किया गया। जिसमें बस स्टैंड स्थित प्रतीक्षालय व शौचालय की सफाई एवं प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण परिषद हॉल में किया गया। वही सीधा प्रसारण के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारियों द्वारा नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वच्छता लक्षित इकाई का रूपांतरण स्थल सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई,वार्ड क्रमांक तीन एवं चार में विशेष अभियान चलाकर की गई।

इसमें नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश यादव व मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना मौजूद रहे। यह अभियान 2 अक्टूबर तक लगातार शहर में वार्डवार चलाया जाएगा। जिसमें उपाध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने घर मोहल्ले, कार्य स्थल को साफ सुथरा बनाए रखें। क्योंकि प्रथम स्थान स्वयं का घर एवं कार्य स्थल ही होता है। हर व्यक्ति ठान लें कि हम घर के आसपास सफाई बनाए रखे तो बहुत जल्द अपना शहर सफाई के क्षेत्र में एक नंबर पर अपना स्थान प्राप्त करेगा।

## पुलिस अधीक्षक के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** नगर में विगत दिनों से हो रही चोरियो की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव रजत गौड के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओ ने तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौपा। वही उन्होने कहा कि नगर में विगत दिनो से चोरियो की घटनाएं लगातार बढती जा रही है। जिससे नगरवासी अत्यंत भय और आतंक के वातारण में जीने को मजबूर है। चोरो द्वारा दुकानो,सुनसान घरो,मंदिरो,मोटर साइकिल,गैस सिलेंडर सहित आदि की चोरिया निरंतर की जा रही है। इन लगातार हो रही चोरियो की घटनाओं से आम नगारिको का जीना दुष्वार हो गया है। जिससे नागरिक निश्चित होकर घरो से बाहर भी नही निकल पा रहें है और व्यापारी वर्ग भी अपनी दुकानो को लेकर काफी चिन्तित है। यदि शीघ्र ही चोरियो की घटनाओं पर रोक लगाने की कार्यवाही नही की गई तो नगर की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खडा हो जाएगा। साथ ही कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# नवरात्रि की तैयारियां शुरू, बनने सजने लगे दुर्गा पंडाल

### ◆ तीस स्थानों पर होंगी मातारानी की प्रतिमाएं स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



पितृ पक्ष के समापन के साथ नगर एवं क्षेत्र में नवरात्रि पर्व की शुरूआत होगी। देवी भक्तों में नवरात्रि पर्व उत्साह, साधना उपवास के साथ मनाये जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। खेरापति माता मंदिर, बडा बाजार के शक्तिधाम मंदिर, संकट मोचन मंदिर में विराजी माँ दुर्गा का मंदिर, थाने के पास काली जी के मंदिर, चौधरी चौक स्थित दुर्गा मंदिरों में साफ सफाई, रंग रोगन और विशेष सजावट शुरू हो गई है। मंदिरों में प्रातः से जल अपर्ण के लिए श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा के भी इंतजाम किए जा रहे है।

#### तीस स्थानों पर होगी स्थापना

नगर में सार्वजनिक रूप से दुर्गा प्रतिमा की स्थापना से नगर में सार्वजनिक रूप से नवरात्रि पर्व मनाने की शुरूआत हुई थी। प्रारंभिक दशकों में बडा बाजार, छोटा बाजार, हौली चौक,चौधरी चौक, छीपा मोहल्ला के साथ दुर्गा उत्सव समितियों में भारी धूमधाम और बडे-बडे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होड चला करती थी। नगर के विस्तार के साथ विभिन्न हिस्सों में शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिमाओं पंडालों की स्थापना संख्या बढ़ती रही।

बस स्टेण्ड पर विशाल दुर्गा पंडाल के निर्माण के साथ नगर के विभिन्न हिस्सों में छोटी-बडी झांकी पंडाल निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है।

#### देवी भक्तों में भारी उत्साह

शारदीय नवरात्रि पर्व मनाने मातारानी के भक्तों में भारी उत्साह बना हुआ है। नवरात्रि पर्व में देवी भक्त अपनी श्रद्धा भक्ति, शक्ति के अनुसार वृत रख कर कठिन साधना करते है। इसी के साथ देवी भक्तों द्वारा घरों में दुर्गा पाठ, अनुष्ठान भी किए जाते है। जिसकी देवी भक्तों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

# सिविल अस्पताल के सामने नपं. ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

### नाले की झाड़ियों की सफाई कर ट्रॉलियों से उठाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




नपं. द्वारा पिपरिया रोड चौराहे पर स्थित बाल बिहार शहीद स्मारक में 17 दिसंबर को साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई, तो दूसरे दिन गुरूवार को पिपरिया रोड पर ही स्थित सिविल अस्पताल के सामने विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जेसीबी मशीन का उपयोग कर नाले की झाडियां की सफाई और ट्रालियों से कचरा उठाने का कार्य किया।

सिविल अस्पताल पिपरिया मार्ग के किनारे बसा है। सडक के दौनों ओर नाला है, जहॉं आसपास के क्षेत्र के पानी निकासी की स्वभाविक व्यवस्था है, सामने पुलिया भी है। सडक के दौनों ओर भारी मात्रा में घासफूस झांडियां उगी रहने से नियमित साफ सफाई न होने के साथ दुकानदारों द्वारा कचरा भी डाला जाने से गंदगी बनी रहती है। जेसीबी मशीन के साथ सिविल अस्पताल के सामने विशेष सफाई अभियान के दौरान सीएमओ हरिशंकर वर्मा, स्वच्छता प्रभारी श्याम सौलंकी, सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. हेमन्त यादव के साथ नपं. के कर्मचारियों, अन्यों की उपस्थिति में घंटो साफ सफाई अभियान चलता रहा।

#### अन्य स्थानों पर चलेगा अभियान

जिस प्रकार सिविल अस्पताल के सामने पिपरिया रोड पर जेसीबी मशीन का उपयोग कर सफाई अभियान चलाया गया। नगर में अनेक ऐसे स्थान है, जहॉं भारी मात्रा में झांडियां बनी रहने से पानी की निकासी अवरूद्ध रहने से गंदगी बनी रहती है। गहरी नालियों में मिट्टी, रेत, कचरा भरा रहने से पानी की निकासी नहीं हो पाती और बदबू, गंदगी, मच्छर बने रहते है। इन स्थानों पर भी विशेष सफाई अभियान की आवश्यकता और नागरिकों द्वारा साफ सफाई की मांग की जा रही है।

## फसल बचाने कीटनाशक उपयोग करें

# धान की फसलों पर माहू रोग का छाया भारी प्रकोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

खरीफ की मुख्य फसल धान के पौधो पर मौसम के बार-बार परिवर्तन से जड़ माहू, सफेद, काली माहू का भारी प्रकोप किसानों में भारी चिंता का विषय बना हुआ है। किसानों द्वारा पौधो के रस चूसक माहू के प्रकोप से फसलों को बचाने महंगे से महंगे कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है। जिस प्रकार धान पर माहू रोग का प्रकोप हुआ है, उससे अधिकांश किसान फसलों की सुरक्षा, दवाईयों के छिडकाव के लिए सभी काम छोड़ खेतों पर नजर आने लगे है।

बढ़ रही किसानों की लागत - माहू रोग पौधों का रस चूस कर पौधों, पत्तियों को कमजोर कर देता है। जिससे पौधे समय से पूर्व ही सूखने लगते है। क्षेत्र में बासमती एवं गैर बासमती धान की व्यापक स्तर पर खेती की जाती है। बाड़ी, बरेली तहसीलों के साथ उदयपुरा, देवरी, सिलवानी तहसीलों में भी धान की खेती बढ़ती जा रही है।

धान पर विभिन्न रोगों का प्रकोप और अब जब धान गबोट पर है, कही बालियां निकल गई, कही निकलने की स्थिति में है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में जड माहू पौधों, पत्तियों पर रस चूसक माहू रोग का नियंत्रण किसानों के लिए चुनौती बन रहा है। बार-बार कीटनाशकों का जमकर उपयोग करने से धान की प्रति एकड़ लागत बढ़ती जाने से किसान आर्थिक रूप से हैरान परेशान भी हो रहे है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ

**बरेली।** शासन की नीति एवं योजना के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सिविल अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी द्वारा शुभारंभ किया। इस अभियान के अन्तर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, परामर्श, पोषण आहार, जागरूकता कार्यक्रमों का आगामी 2 अक्टूबर तक आयोजन किए जाने के संबंध में बीएमओ डॉ. हेमन्त यादव द्वारा जानकारियां दी गई।

**महिलाओं को स्वस्थ्य बनाने चलेगा अभियान:** सिविल अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत करते हुए नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी ने कहा कि इस अभियान से महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी। उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने के साथ पोषण आहार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के कार्य किए जाने से प्रधानमंत्री मोदी जी की इच्छा विचार अनुसार परिवार भी सशक्त होगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्वा. कर्मचारियों, डॉक्टरों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

## सिविल अस्पताल और प्राइवेट में प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों की भीड़

# नगर के साथ क्षेत्र में वायरल फीवर के तेजी से बढ़े मरीज

### वायरल बुखार से कम हो रहे प्लेटलेट्स, जांच में राशि खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



सिविल अस्पताल सहित प्रायवेट अस्पतालों, डॉक्टरों के यहॉ प्रतिदिन सेकडो मरीजों की भीड़ लग रही है। सर्दी, जुकाम, बुखार पीडितों में वायरल, मलेरिया बुखार के लक्षण पाये जाने के साथ बीमारों के गिर रहे प्लेटलेट्स चिंता और जांच का विषय बन रहे है।

पहले सर्दी जुकाम, बुखार 5-7 दिन में ठीक हो जाता थ। अब दो हफ्तों से अधिक समय में मरीज बमुश्किल ठीक हो पा रहे है। पीडित मरीजों को प्रायवेट में जांच कराने में भारी भरकम राशि खर्च करना पड़ रही है।

क्षेत्र से मानसून की बारिश विदा होने की स्थिति में खाली स्थानों पर भरा बारिश का पानी उनमें बनी गंदगी विभिन्न प्रकार के मच्छर कीटपतंग पैदा करने की खान बन गए है। ग्रामों में स्थिति सबसे अधिक खराब बनी हुई है।

धान के खेतों में भरा पानी, भारी नमी और कीटनाशकों के भारी उपयोग से कीट पतंग, मच्छर गांवो में अधिक हो रह है। पेयजल के लिए लगे हेन्डपंपो के आसपास पानी भरा रहने गंदगी और गंदे पानी का हेन्डपंपो में रिसाव भी पानी प्रदूषित होने का बडा कारण बन रहा है। ग्रामों में जिस तेजी से मच्छर, कीट पतंग बढ रहे है। उनके नियंत्रण के लिए अभी तक ग्रामों में कीटनाशकों का छिडकाव न होने से वायरल, मलेरिया, डेंगू जैसे लक्षणों वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

#### मरीजों की भारी भीड़

क्षेत्र के सबसे बडे सरकारी सिविल अस्पताल में प्रतिदिन हजार, आठ सौ मरीजों की भारी भीड़ उमड रही है। इतने ही मरीज प्रायवेट डॉक्टरों और अस्पतालों में भी पहुंच रहे है। वायरल बुखार के बढ़ते मरीजों की जांच उपचार के साथ गिर रहे प्लेटलेट्स, भारी कमजोरी मरीजों के परिवारजनों में भारी चिंता का कारण, मरीज ठीक न होने पर भोपाल, होशंगाबाद, पिपरिया में ले जाना भी मजबूरी बन रहा है।

#### भारी संख्या में जांच

जिस भारी संख्या में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या हो रही है। अस्पताल में इतनी अधिक संख्या में मरीजों की जांच उपचार और खून की जांच में बिलम्ब होने से मरीजों को रिर्पोट आने का लम्बा इंतजार भी करना पड रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा पुत्र शुभम सोनी जो की एच आर ट्रेडर्स का प्रोपराइटर था वह मार्च 2022 से मुझसे अपना हिस्सा लेकर अलग (पृथक) हो चुका हैं एंव तभी से मेरी किसी भी प्रकार की चल और अचल सम्पत्ति मे शुभम और उसके परिवार का कोई हक या अधिकार नही है। और शुभम मुझसे पृथक रहकर अपना व्यवसाय भी पृथक कर रहा है। मेरा शुभम के द्वारा किये जाने वाले किसी भी समव्याबहार से कोई संबंध नही है। यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था शुभम सोनी से किसी भी प्रकार का कोई व्यावसायिक या अन्य समव्यावहार करता है तो उसके लिये वह स्वय जिम्मेदार होगा। और इस हेतू मेरी कोई जवाबदारी नही होगी। वह मेरे व मेरे परिवार (पत्नी, बच्चों) के नाम से कोई भी व्यावहार करने का अधिकारी नही है।

**राजेश कुमार सोनी
पुत्र हरीनारायण सोनी
निवासी रघुवंशी धर्मशाला के पास बस स्टैंड विदिशा म.प्र.**

## सही तरीके से घर-घर नहीं पहुंच रहा नल का जल, पानी में गए करोड़ों रुपए

### जल जीवन मिशन की हकीकत

# कहीं पर पाइप लाइन फूटी तो कहीं टोंटियां ही गायब, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी वाली योजना जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर काम हुआ। पानी की टंकियां बनाई गई और पाइप लाइन बिछाई गई, घरों तक नलों की टोंटियां लगाई गई। इसके बावजूद ग्रामीणजन पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत कहीं पर पाइप लाइन फूटी पड़ी हैं, तो कहीं पाइप लाइन चौक हो चुकी हैं और कहीं ग्रामीणों को उनके घरों तक स्वच्छ जल पहुंच ही नहीं पा रहा है। जबकि जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य है कि घर घर स्वच्छ जल नलों की टोंटियों में सहजता से उपलब्ध हो।

करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट को देखते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों की मंशा पर सवाल खड़े होना लाजिमी भी है। क्योंकि गांव-गांव घटिया और गुणवत्तापूर्ण जो काम हुआ नलजल योजना में इससे जनता के रुपयों की बर्बादी जो हुई और जमकर भ्रष्टाचार हुआ यह बात किसी से छुपी नहीं है। इतना सब कुछ होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों का ना भुगतान रुका और ना घटिया कार्य रुका।

### दिया तले ही पसरा अंधेरा

गांव की सरकार से लेकर नगर, मप्र और केंद्र में भाजपा की सरकारें सत्तारूढ़ हैं, फिर भी दिया तले अंधेरा क्यों है। इसी तरह भोपाल रोड़ स्थित ग्राम मासेर करमोदिया, बीदपुरा, रतनपुर और वनगवां की नल जल योजना की पाइप लाइन अधूरी पड़ी हैं। नलों से टोंटियों का हलक सूखा पड़ा है। मजबूरी में महिलाएं बर्तनों से घर से दूरदराज से भरकर लाने के लिए विवश हैं। रतनपुर में पंडित जी के खेत के बोर से पानी भरने के लिए लाचार हैं।



**ग्राम माना, रमपुरा केसरी, रतनपुर, वनगवां के बुरेहाल**

*तहसील रायसेन के ग्राम महू पथरई, माना, रमपुरा केसरी, रतनपुर और वनगवां, करमोदिया, हकीमखेड़ी में भी नल जल योजना के बुरे हाल हैं। बताया जाता है कि यहां जल जीवन मिशन की नल जल योजनाएं कागजों में तो चल रही हैं, लेकिन धरातल पर सब गायब है। लोग मजबूर में पीने का पानी कहीं खेतों से तो कहीं हैंडपंपों से ढुलाई करने के लिए मजबूर हैं। ग्राम माना, बीदपुरा की नल जल योजना सही तरीके से प्रारंभ नहीं हो सकी है, जबकि यह गांव जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा का गांव है।*


### ग्रामीण खेत और गांव से बाहर के हैंडपपों से ला रहे पानी

जब हरिभूमि की टीम ने इन गांवों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की तब जल जीवन मिशन की असलियत खुलकर सामने आई। ग्राम पंचायत सालेरा की जल जीवन मिशन की नलजल योजना तो तैयार हो चुकी है। करीब एक डेढ़ महीने पहले नल जल योजना को स्टार्ट करने के लिए केवल खंभों पर बिछाई गई थी, तो उसे चोर गिरोह खंभे से उतार कर ले उड़े। इस मामले की शिकायत लोक स्वास्थ्य यांत्रकीय विभाग के अमले ने कोतवाली थाने में भी की गई है, लेकिन यहां की नलजल योजना शुरू नहीं हो सकी है। मजबूरी में ग्रामीण खेतों और गांव के बाहर के हैंडपंपों से पानी भरने के लिए मजबूर है।

### अधूरी पाइप लाइन, घर-घर नहीं लगी नलों की टोंटियां

सांची विकासखंड के उमरिया गांव में मंजूर नल जल योजना 2 साल बाद भी अधूरी पड़ी हुई है। क्योंकि पहले गांव में बोर हुआ, वह फेल हो गया। फिर गांव में दो ट्यूबवेल और खोदे गए तब कहीं जाकर योजना का प्लान बना है, लेकिन अभी भी एक दर्जन का घरों की पाइप लाइन अधूरी पड़ी हुई है।

पीएचई विभाग के अफसरों का कहना है कि खेतों में खड़ी खरीफ फसल कटने के बाद पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके उलट उमरिया के ग्रामीणों का कहना है कि आज भी कई घरों में नलों की टोंटियां और पाइपलाइन नहीं पहुंची है, जिससे वह पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। जल जीवन मिशन की नल जल योजना में यहां लाखों का बजट पानी में बहा दिया गया है।



### पाइप लाइन के जरिए नल जल योजना चल रही

इधर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रभारी गिरीश काम्बले का दावा है कि जतारा गांव में जल जीवन मिशन के पाइप लाइन के जरिए नल जल योजना चल रही है। इनकी कमियों को भी लगातार दूर किया जा रहा है। ग्राम उमरिया की नलजल योजना जल्द ही स्टार्ट करवा दी जाएगी।

# बिजली कंपनी के हेल्पर को लगा करंट, झुलसा हाथ

### बिजली विभाग की लापरवाही आई सामने



घायल बिजली कर्मचारी



कपड़े भी झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को सुबह के समय शहर के अर्जुन नगर के ट्रांसफार्मर के खंभों पर आउटसोर्स हेल्पर विनोद रैकवार ऊपर चढ़कर मरम्मत कार्य कर रहा था, तभी अचानक करंट आने से उसे करंट का जोरदार झटका लगा, जिससे कर्मचारी का बायां हाथ बुरी तरह झुलस गया। करंट का जबरदस्त झटका लगने से वह खंबे से नीचे गिर गया। इस हादसे उसे घुटनों और हाथ में भी चोटें आईं।

इस घटना से बिजली कंपनी शहर के जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी, लापरवाही उजागर हुई। आनन-फानन में कंपनी के अधिकारियों के आदेश पर घायल हेल्पर विनोद को दोपहर के समय इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आउटसोर्स हेल्पर विनोद रैकवार पिता लल्लू सिंह निवासी ताजपुर मोहल्ला उम्र 38 अर्जुन नगर में डीपी खंभे पर सुबह साढ़े 11 बजे मेंटेनेंस कर रहा था। बताया जाता है कि उन्होंने मेंटेनेंस करने दोपहर 12 बजे तक का परमिट भी लिया था। फिर भी बिजली कंपनी की लापरवाही के चलते बिजली चालू कर दी गई। जिससे वह बुरी तरह से बिजली करंट की चपेट में आ गया। शहर में इसके पहले भी



बिजली पोल से बिजली कर्मचारियों के गिरने और घायल होने की घटनाएं हो चुकी हैं इन घटनाओं से बिजली कंपनी के अधिकारियों ने कोई सबक नहीं लिया।

बताया जाता है कि कई बिजली हेल्परों का आज भी ना तो बीमा हुआ और ना सुरक्षा के उपकरण उनको उपलब्ध कराए गए हैं। बाड़ी के समीप मनकापुर में भी एक हेल्पर की बिजली करंट लगने से मौत हो चुकी है।वहां के रहवासियों ने बताया कि डीपी में कई ओवर लोड कनेक्शन है, जिससे आये दिन डीपी में फाल्ट होना और शॉर्ट सर्किट होना आम बात हो गई है।

**खबर संक्षेप**

### किसानों को प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों ने दी उन्नत खेती की जानकारी



**रायसेन।** वैल्यू चैन पार्टनर श्रीजी कृषक उत्पादक सहकारी संगठन, सिलवानी एवं कृषि विज्ञान केंद्र, नकतरा रायसेन के संयुक्त तत्वावधान में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सिलवानी के ग्राम बम्होरी व चिंगवाड़ा कला में किया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान विज्ञान केंद्र,नकतरा रायसेन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे, सुनील केथवास, माधो सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी सुजीत नागर, पियूष ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। किसानों से चर्चा के दौरान डॉ. स्वप्निल दुबे ने कहा कि सोयाबीन फसल उत्पादन में कई समस्याएं आ रही हैं। मानसून के अनिश्चितता, अधिक वर्षा, लंबा सुखा अंतराल, पीला मोजेक का अत्यधिक प्रकोप, खरपतवारों की अधिकता, राइजोक्टोनिया रूट रॉट आदि समस्या से सोयाबीन फसल का अच्छा उत्पादन नहीं हो पा रहा है। सोयाबीन के अच्छे उत्पादन के लिए रेज्ड बैड पद्धति या मेढ़ नाली पद्धति से खरीफ फसलों की बुवाई आवश्यक है जिसमें लगातार अधिक बारिश व कम वर्षा की स्थिति में भी फसल की बढ़वार प्रभावित नहीं होती है।

# लापता युवती 2 दिन बाद शादी कर प्रेमी के साथ पहुंची थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 सितंबर की रात में एक युवती बिना बताए घर से लापता हो गई थी। सलामतपुर थाने में गुम इंसान का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि थाने के सरार गांव में नर्मदा प्रसाद अहिरवार की 19 वर्षीय पुत्री निकिता 15 बिना बताए घर से लापता हो गई थी। जानकारी मिलते ही आसपास क्षेत्र के अन्य थानों में मामले की जानकारी देकर युवती की तलाश शुरू की गई। लेकिन उसका कहीं कुछ पता नही चल रहा था।

2 दिन बाद युवती खुद अपने प्रेमी दौलत सिंह अहिरवार पिता पदम सिंह अहिरवार उम्र 23 वर्ष निवासी भरतीपुर गांव के साथ सलामतपुर थाने पहुंच गई।

# शिक्षक रंक को राजा और धूल को सोना बना सकता है : डॉ. खत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विकसित भारत में शिक्षक की भूमिका पर परिचर्चा आयोजित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री ने कहा कि शिक्षक को त्यागी होना होगा जिससे वो छात्रों के साथ जुड़ सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सबसे पहले आदर्श स्थापित करते हुए स्वयं को प्रस्तुत करना होगा तभी वो एक ऐसा छात्र तैयार कर सकता है जो विकसित भारत का निर्माण कर सके।

डॉ. खत्री ने कहा कि त्याग से 'शिक्षक रंक को राजा बना सकता है' जैसा कि चाणक्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को बनाया था। डॉ. खत्री ने कहा कि 'शिक्षक धूल को भी सोने के कण बना सकता है'। उन्होंने कहा कि यदि विकसित भारत की सोच भारतीय परंपराओं पर आधारित होंगी तो ही विकसित भारत बन सकता है। सेवा पखवाड़े के तहत आज पौधारोपण भी किया गया।

**सांची विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़े पर विशेष चर्चा**

**खास बातें**

- हम जागृत होंगे तो राष्ट्र जागृत होगा : प्रो . मेहता
- शिक्षक छात्रों को ज़िम्मेदार नागरिक बनाता है- डॉ . तीखे
- सेवा पखवाड़े पर पौधारोपण भी किया गया



# पुलिस ने कार्रवाई में 8 बाइक चालकों के चालान बनाकर वसूला 2400 रू. जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर पुलिस चौकी के सामने पुलिस ने 8 बाइक चालकों पर चालानी कार्रवाई की है। कार्रवाई से हाईवे 18 पर हड़कम मचा हुआ है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मोटरसाइकिल चालक से समन शुल्क के रूप में 2400 रुपए वसूल किए गए हैं।

चेकिंग देखकर कई वाहन चालक दूर खड़े होकर देखते रहे तो कई वापस मुड़कर चले गए। मगर पुलिस ने जितनी भी गाड़ी बगैर हेलमेट के रोकी उन सभी के चालान बनाए गए।

सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए रायसेन पुलिस 8 सितंबर से 22 सितंबर तक पूरे रायसेन जिले में विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।



निर्देश पर सभी थाना क्षेत्र में 15 दिवसीय अभियान में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवर लोडिंग व बिना कागजों के जैसे लाइसेंस, फिटनेस और परमिट के वाहन चलाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य यह है कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, आरक्षक संदीप सिंह, परितोष पटेरिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मैकेनिकों की दुकानों पर पहुंची टीम, बाल मजदूरों को रिपेरिंग एवं कार्य करते पकड़ा

◆ बाल कल्याण समिति एवं संयुक्त विभागों की टीम ने चिन्हित स्थानों का सघन निरीक्षण कर, 12 बाल श्रमिक मुक्त कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय रायसेन में गुरुवार को सुबह जिला बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, कृषक सहयोग संस्थान आदि विभागों की संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न स्थान और प्रतिष्ठानों पर जाकर बाल श्रमिकों के मामले सघन निरीक्षण किया।

जीप, बाइक मैकेनिकों के गैरेजों पर जब टीम पहुंची तो नट पाना बाल श्रमिकों के हाथों में देखा तो हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम ने 12 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। टीम द्वारा की गई छापामार कार्रवाई से बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वालों में फिलहाल अफरातफरी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार छापामार कार्रवाई करने बाजार में निकली



संयुक्त टीम में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष आदित्य चावला, सदस्य श्रीमती ममता पटेल, अमीषा चतुर्वेदी, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, बाल कल्याण अधिकारी श्रेया विश्वकर्मा, महिला थाना प्रभारी निशा अहिरवार, एसजेपीयू ज्योति पटेल, श्रम विभाग महिला बाल विकास विभाग, श्रम आरके श्रीवास्तव, महिला बाल विकास विभाग और कृषक सहयोग संस्थान से निदेशक डॉ एचबी सेन एवं अनिल भंवरे सम्मलित रहे।

संयुक्त टीम द्वारा बालश्रमिकों को रेस्क्यू करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ दल बनाकर चिन्हित स्थानों एवं अन्य बालश्रम संभावित स्थानों पर छापामार कार्यवाही की गई थी। जिसमें 12 बाल श्रमिक मुक्त करवाए गए यह सभी बाल श्रमिक सागर रोड, कामधेनु परिसर की दुकानों, गंज बाजार, महामाया चौक तथा पूर्व से चिन्हित स्थानों पर रेस्क्यू किए गए हैं। सभी बच्चे जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष 17 नंबर फार्म द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें समझाइश देकर उन्हें स्कूल नियमित जाने के लिए कहा गया है।

### सेवा पखवाड़ा के तहत शहर में चलाया जा रहा सफाई अभियान

# जनप्रतिनिधियों एवं शहरवासियों ने भारत माता व महात्मा गांधी, जैन स्तंभ, शहीद स्मारक के आस-पास लगाई झाड़ू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

देश के पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, गांधी जयंती के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को जिले में व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत महामाया चौक, भारत माता की प्रतिमा पाटनदेव एवं राष्ट्रपिता बापू की प्रतिमा स्थल, शहीद स्मारक, जैन मान स्तंभ के आसपास भाजपा नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मिल जुलकर ना बल्कि साफ-सफाई की और पसीना बहाया। बल्कि श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन, राकेश तोमर, जिला महामंत्री राजेश पंथी, पार्षद कैलाश ठाकुर, देवेंद्र यादव, बबलू ठाकुर सत्येंद्र सिंह चौहान,, बृज बिहारी मिश्रा, सिद्दीक सिद्दीकी, दीपक पटेल, विकास रैकवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर झाड़ू लगाई और आसपास फैली गंदगी को हटाया।




कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति और हमारी संस्कृति का प्रतीक है। भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्मारकों पर सफाई कर उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे समाज को स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में प्रेरित करेंगे और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सेवा पखवाड़ा के तहत निकायों में आयोजित की जा रही हैं।

**स्वच्छता गतिविधियां :** जिले में 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के सभी नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा श्रमदान कर सार्वजनिक स्थलों और वार्डो में साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही नागरिकों से स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे श्रमदान करने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में रायसेन, गैरतगंज, बेगमगंज सहित अन्य निकायों में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों और नगरीय निकायों के अधिकारियों द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में साफ-सफाई की गई।

# श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन में गूंजा भक्ति रस, मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

### सच्चे संकल्प और भक्ति से कोई भी ईश्वर को प्राप्त कर सकता है : पं शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बजरंग चौराहा स्थित नगर के प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर धार्मिक वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो उठा। कथा वाचक पं. भूपेंद्र शास्त्री ने श्रोताओं को ध्रुव चरित्र, कपिल उपाख्यान, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जैसे पावन प्रसंगों से अवगत कराया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही।

कथा का आरंभ ध्रुव चरित्र से हुआ, जिसमें एक बालक की अडिग तपस्या और भगवान नारायण से प्राप्त आशीर्वाद का वर्णन किया। ध्रुव की भक्ति यह संदेश देती है कि सच्चे संकल्प और भक्ति से कोई भी ईश्वर को प्राप्त कर सकता है।



**हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव**

*कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया। यह पावन अवसर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। जैसे ही कथा वाचक ने श्रीकृष्ण के प्राकट्य का प्रसंग आरंभ किया, पूरा वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की, के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने इस दिव्य क्षण को घंटियों, शंखों और कीर्तन के साथ हर्षोल्लास से मनाया। कथा वाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास की कृष्ण अष्टमी की अर्धरात्रि को हुआ था। यह केवल एक अलौकिक घटना नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय और अज्ञान पर ज्ञान के उदय का प्रतीक है। कथा में बताया कि जब.जब संसार में अधर्म बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में प्रकट होते हैं।*